पार्श्वस्थ सुविधाओं, स्मारकों के सौन्दर्यीकरण और तीर्थ केन्द्रों आदि के विकास हेतु राज्य सरकारों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। यह सहायता, प्राप्त विशिष्ट प्रस्तावों के आधार पर प्रदान की जाती है। पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार ने वर्ष 1997-98 के दौरान मध्य प्रदेश में 9 परियोजनाओं के लिए 119.31 लाख और गुजरात में 7 परियोजनाओं के लिए 111.84 लाख रुपयों की राशि स्वीकृत की है।

(घ) जी, नहीं।

पर्यटन उद्योग का विकास

4744. **श्री गोविन्दराम मिरी:** क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की कोई पर्यटन नीति है जिसके अंतर्गत भारतीय पर्यटन उद्योग को अवसंरचनात्मक सुविधायें मुहैया करा कर उसका विकास किया जा सके;

(ख) क्या देश के अन्य उद्योगों की तुलना में पर्यटन उद्योग आज भी सर्वाधिक उपेक्षित है;

(ग) क्या सरकार ने पर्यटन उद्योग के विकास और उसकी समस्याओं को समय-समय पर समीक्षा की है;

(घ) क्या भारत को पर्यटन उद्योग में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का दर्जा हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा है; और

(ङ) इस शताब्दी के अंत तक भारतीय उद्योगों के संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

संसदीय कार्य मंत्री तथा पर्यटन मंत्री (श्री मदन लाल खुराना): (क) जी, हां।

(ख) जी, नहीं।

(ग) जी, हां।

(घ) अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा पर्यटन को उद्योग का दर्जा नहीं दिया गया है।

(ङ) इस शताब्दी के अंत तक पर्यटन सहित भारतीय उद्योगों से और अधिक बढ़ोतरी (विकास) की अपेक्षा है।

राजस्थान में आने वाले विदेशी पर्यटक

4745. **श्री ओंकार सिंह लखावत:** क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान भारत में प्रतिवर्ष कुल कितने विदेशी पर्यटक आये व उनसे कुल कितनी विदेशी मुद्रा की आय हुई;

(ख) उपरोक्त अवधि में राजस्थान में प्रतिवर्ष कितने विदेशी पर्यटक आये;

(ग) इस अवधि के दौरान पुष्कर और अजमेर में आये विदेशी पर्यटकों की संख्या कितनी है; और

(घ) क्या सरकार ने राजस्थान में पर्यटन को प्रोत्साहन देने के लिए कोई योजना बनाई है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

संसदीय कार्य मंत्री तथा पर्यटन मंत्री (श्री मदन लाल खुराना): (क) गत पांच वर्षों के दौरान भिन्न-भिन्न देशों से आए विदेशी पर्यटकों और पर्यटन से होने वाली अनुमानित विदेशी मुद्रा आय निम्नानुसार है:—

	1993	1994	1995	1996	1997
विदेशी पर्यटक आगमन	1764830	1886433	2123683	2287860	2374094
अनुमानित विदेशी मुद्रा आय (करोड़ रुपयों में)	6465.72	7281.66	9833.30	10049.95	11051.43